UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)


बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

दैनिक

# यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-143 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 05 मई 2026 youngbharatE-paper.com

# पांच राज्यों के चुनाव नतीजे जनता का प्रधानमंत्री पर बढ़ते विश्वास का परिणाम : योगी आदित्यनाथ

## योगी ने चुनाव परिणाम की कार्यकर्ताओं को दी बधाई



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच राज्यों में चुनाव नतीजों को देश की जनता के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति बढ़ते अटूट विश्वास का परिणाम बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए ऐतिहासिक जीत को पार्टी पदाधिकारियों, कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रतिफल बताते हुए बधाई दी है।



मुख्यमंत्री योगी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं लोक-कल्याणकारी नीतियों पर देश वासियों का अटूट विश्वास है, जो आज विधान सभा चुनाव के ऐतिहासिक परिणामों के रूप में पुन: परिलक्षित हुआ है। पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा-एनडीए) गठबंधन की सरकार बनना इसी अगाध विश्वास का सुफल है। जन-जन का यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री जी के 'नए भारत-विकसित भारत' के विराट संकल्प की सिद्धि को एक नई गति प्रदान करेगा। इस ऐतिहासिक विजय के लिए पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के सभी समर्पित पदाधिकारियों, कर्मठ कार्यकर्ताओं व विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन व राष्ट्रवाद को अपना बहुमूल्य आशीर्वाद प्रदान करने वाली जनता-जनार्दन का हृदय से आभार एवं अभिनंदन।

# जज अमन के आंसुओं का अब होगा हिसाब, दिल्ली पुलिस ने पत्नी के खिलाफ ले लिया एक्शन, आईएएस साली पर भी सवाल

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित कड़कड़डूमा कोर्ट के जज अमन कुमार शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं. पुलिस ने इस मामले में अब जज की पत्नी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज कर लिया है. इस घटनाक्रम ने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है.





पुलिस के अनुसार, अमन कुमार शर्मा शनिवार दोपहर अपने ग्रीन पार्क स्थित घर के बाथरूम में फंदे से लटके पाए गए थे. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई. उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. इस मामले में मृतक के पिता की शिकायत के आधार पर सफदरजंग एन्क्लेव थाने में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और धारा 61 (आपराधिक साजिश) के तहत केस दर्ज किया गया है. जज की आरोपी पत्नी भी न्यायिक सेवा में काम करती हैं.

पत्नी और साली पर क्या-क्या आरोप

परिवार की ओर से लगाए गए आरोपों के मुताबिक, जज पिछले दो महीनों से घरेलू तनाव से गुजर रहे थे. बताया गया है कि घटना से एक रात पहले उन्होंने अपने पिता को फोन कर कहा था कि उनके लिए इस स्थिति में जीना मुश्किल हो गया है. इसके बाद पिता तुरंत अलवर से दिल्ली पहुंचे थे. न्यायिक अधिकारी अमन कुमार शर्मा की बहन के ससुर ने बताया कि रात करीब 10 बजे अमन ने अपने पिता को फोन करके कहा था कि वह परेशान है और उसके लिए जीना मुश्किल हो गया है. उसके पिता उसी समय अलवर से रवाना हुए और रात लगभग 12 बजे दिल्ली पहुंचे.यहां आकर उन्हें पता चला कि अमन का अपनी पत्नी से झगड़ा चल रहा था. उसने अपने पिता को बताया कि पिछले दो महीनों से उसे परेशान किया जा रहा था. अमन का कहना था कि उसकी साली पूरे घर को कंट्रोल में रखती है.' इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 'स्वाति बहुत गुस्से में चिल्ला रही थी, जबकि अमन रो रहा था. थोड़ी देर बाद शोर बंद हो गया. उन्होंने सोचा कि झगड़ा सुलझ गया होगा, लेकिन थोड़ी देर पता चला कि अमन ने अपनी जान दे दी है.'

### पुलिस ने अब तक क्या बताया

पुलिस के मुताबिक, शनिवार दोपहर करीब 1:45 बजे पीसीआर कॉल मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची. शुरुआती जांच में किसी बाहरी साजिश या फाउल प्ले के स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं, लेकिन सभी पहलुओं से जांच जारी है. मामले से जुड़े सभी लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं. अमन कुमार शर्मा कड़कड़डूमा कोर्ट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) में फुल-टाइम सचिव के पद पर तैनात थे. उन्होंने 2021 में दिल्ली न्यायिक सेवा जॉइन की थी. उनके पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक की उम्र अभी नौ महीने से भी कम है. फिलहाल, पुलिस इस संवेदनशील मामले की गहराई से जांच कर रही है और आने वाले दिनों में कई और अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है.

# एन एच ए आई पर भीषण सड़क हादसा:कालपी क्षेत्र की घटना, दस लोंगो से भरी टवेरा कार पीछे से घुस गई ट्रक में

## चालक को आई झपकी बनी मौत का कारण, अयोध्या में खंडित मूर्ति को गंगा में सिरा कर लौट रहे थे श्रद्धालु, तभी कालपी क्षेत्र में हो गया मौत से सामना

- 8 लोगों की मौत, 2 गंभीर
- अराजकतत्वों ने लाशों को भी लूट लिया
- एक्सीडेंट की सूचना पाते ही डीएम एवं एसपी अधिकारियों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे, हर संभव सहायता उपलब्ध कराई
- मगर स्थानीय मेडिकल कॉलेज में जब घायल पहुंचे तो इमरजेंसी में स्टाफ मौजूद नहीं था इस वजह से लगभग 15-20 मिनट तक मरणासन्न घायल इलाज के अभाव में तड़पते रहे

( प्रधान सम्पादक की कलम से )

( यंग भारत न्यूज )

**उरई-कालपी।** नेशनल हाईवे-27 पर कालपी कोतवाली क्षेत्र के जोल्हूपुर मोड़ के पास सोमवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार टवेरा कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार आधा दर्जन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।





प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी यात्री जनपद ललितपुर के निवासी थे और अयोध्या में रामलला के दर्शन व सरयू नदी में खंडित मूर्तियों का विसर्जन कर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी कालपी क्षेत्र के जोल्हू पुर मोड़ के पास पहुंची, अचानक चालक को झपकी आ गई, जिससे कार सीधे आगे चल रहे ट्रक में जा टकराई। घटना के बाद पूरे इलाके में चीख पुकार गूजने लगी,कार में बैठे सभी लोग बुरी तरह उसमें फंस गए,खबर पाकर मौके पर पहुंची कालपी कोतवाली पुलिस ने घटना की सूचना उच्च अधिकारियो को दी तथा कटर मशीन के द्वारा कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला,जब कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया तो चार लोगों की मौत हो चुकी थी वही 6 लोग बुरी तरीके से घायल हो तड़प रहे थे जिन्हें हाईवे की एंबुलेंस के माध्यम से राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई भेजा गया, जहां पर्याप्त स्टाफ न होने के कारण काफी समय तक घायल एंबुलेंस में ही तड़पते रहे जब उन्हें बाहर निकल गया तो 6 में 2 लोगों की मौत हो चुकी थी इस तरह इस तरह हादसे में मरने वालों की संख्या आधा दर्जन हो गई, वहीं चार अन्य की हालत भी नाजुक बताई जा रही है ।मरने वाले लोगों में शशिकांत त्रिपाठी, कृष्णकांत नायक, दीपक तिवारी, स्वामी प्रसाद तिवारी, मनोज भोड़ले, देशराज नामदेव बताए गए हैं यह सभी ललितपुर जनपद के निवासी थे, वहीं घायलों में हरिमोहन,अंशुल,शिवानंद तथा भूषण तिवारी बताए गए हैं यह सभी लोग जनपद भी जनपद ललितपुर के निवासी है।

### कार में फंसे रहे लोग, कटर से काटकर निकाले गए शव

*टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग अंदर ही बुरी तरह फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कटर मशीन की मदद से कार के दरवाजे काटकर लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक कई लोगों की सांसें थम चुकी थीं।*

### इलाज में देरी से बढ़ा मौतो का आंकड़ा

*घायलों को तत्काल एंबुलेंस के जरिए मेडिकल कॉलेज उरई भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अस्पताल में समय पर समुचित इलाज न मिलने से दो और घायलों की मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 6 हो गई।*

### प्रशासन मौके पर, घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश

*घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और डॉक्टरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। अधिकारियों ने हादसे के कारणों की जांच के आदेश भी दिए हैं।*

### धार्मिक यात्रा से लौट रहा था परिवार

*बताया जा रहा है कि ललितपुर के तिवारी परिवार के मंदिर में स्थापित राम-जानकी की मूर्ति खंडित हो गई थी, जिसके विसर्जन के लिए परिवार के सदस्य अयोध्या गए थे। वहां पूजा-अर्चना और दर्शन के बाद सभी टवेरा से वापस लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया।*

### बढ़ते सड़क हादसे दे रहे चेतावनी

*यह हादसा एक बार फिर यह साबित करता है कि लंबी दूरी की यात्रा के दौरान चालक की थोड़ी सी लापरवाही या थकान भी कितनी घातक साबित हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि ड्राइविंग के दौरान पर्याप्त आराम और सतर्कता बेहद जरूरी है।*

# काबा नहीं बनने दूंगा,' सीएम योगी आदित्यनाथ के 5 भाषण, जो बने पश्चिम बंगाल चुनाव में बीजेपी के लिए टर्निंग पॉइंट

( यंग भारत न्यूज )

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत की ओर अग्रसर हो रही है। 2011 से सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के प्रत्याशी लगातार पीछे चल रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ ने बंगाल चुनाव के दौरान कई रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने अपनी हिंदुत्व के पिच पर लगातार भाषण दिए। अपनी रैलियों में सीएम योगी ने मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए ममता सरकार को जमकर लताड़ लगाई।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के माथाभांगा और धुपगुड़ी में आयोजित जनसभा में लोगे से बोले थे- आप चिंता मत कीजिए। टीएमएस के गुंडे आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। ममता बनर्जी सिंहासन खाली करो, बीजेपी आ रही है। अब बंगालवासियों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर प्रहार करते हुए सीएम योगी ने कहा था कि ममता दीदी को हिंदुओं और जयश्रीम के उद्घोष से चिढ़ है। टीएमसी को मुस्लिम तुष्टिकरण से फुरसत नहीं है। वह मुसलमानों के अलावा किसी के बारे में नहीं सोचती। बंगाल में आज जय श्रीराम का नारा नहीं लगा सकते क्योंकि सरकार आप पर अत्याचार करेंगी। टीएमसी के गुंडे हमला बोल देते हैं। दुर्गापूजा से पहले उपद्रव हो जाता है। सरकार दुर्गापूजा और विसर्जन की अनुमति नहीं देती। गोहत्या कराती है और आम जनता को परेशान करती है। सीएम योगी ने राजारहाट गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित रैली में कहा था- 'हम गोमाता को कटने और हिंदुओं को बंटने नहीं देंगे। बंगाल को मौलाना, मौलवियों के फतवों की धरती नहीं बनने देना है। बंगाल की धरती को हमें काबा की धरती नहीं बनने देना है। बंगाल की धरती तो मां काली की धरती रहेगी। मां दुर्गा की धरती रहेगी, वंदे मातरम की धरती रहेगी और हर हर महादेव का घोष इस धरा से लगातार चलना चाहिए। एक अन्य रैली में सीएम योगी आदित्यनाथ ने बंगाल के लोगों से कहा- '4 मई के बाद टीएमसी के गुंडे आपके सामने भीख मांगेंगे। घुटने टेकते हुए नाक रगड़ते हुए दिखेंगे। सुरक्षा की गारंटी बीजेपी आपको देगी। भयमुक्त वातावरण मिलेगा। बुलडोजर सुनकर टीएमसी के गुंडे अभी से अंडरगाउंड होने लगे हैं। भ्रष्टाचार और अराजकता से त्रस्त बंगाल अब बदलाव का बिगुल फूंक चुका है।सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टीएमसी का एक मेयर कहता है कि बंगाल की आधी आबादी को उर्दू बुलवाएंगे। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि बंगाल की धरती से सिर्फ बांग्ला बोली जाएगी। उनकी एक सांसद कहती है कि दिल में काबा और नयन में मदीना है। नादिया विधानसभा की जनता इसको स्वीकार नहीं करेगी। जनता का कहना है कि हमारे दिल में तो काली है और नैनों में चैतन्य महाप्रभु का निवास है।

# शिक्षा से शिखर तकः मेधावियों के सम्मान से गूंजा शीला एकेडमी इंटर कॉलेज

### -90% से अधिक अंक लाने वाले छात्रों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय ( जालौन ):** शनिवार को शीला एकेडमी इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन पालीवाल गार्डन उमरी रोड माधोगढ़ पर किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ-साथ टॉप-10 में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार रहा, जिसमें कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रंगारंग कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को उत्सव में बदल दिया। विद्यालय के प्रबंधक आशीष दीक्षित ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।प्रधानाचार्य मोहित राठौर ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलाकांत महाराज तथा मुख्य अतिथि के रूप में प्रबल प्रताप अटागांव की उपस्थिति रही !इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक जयपाल सिंह, व्यवस्थापक मानवेन्द्र सिंह, विकास दुबे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। बड़ी संख्या में अभिभावकों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने समारोह को यादगार बना दिया।

# झगड़ा में चार गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 4 मई** गांव एवं नगर में चार लोग झगड़ा कर रहे थे वही कालपी पुलिस ने अलग-अलग जगह से उपरोक्त चारों लोगों को गिरफ्तार कर जुर्म धारा 170 126 135 तहत अभियुक्त को पुलिस हिरासत में जेल भेजा।

बताते चलें प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी निर्देश पर उप निरीक्षक रामजीलाल पुलिस बल साथक्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे वही झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने ग्राम देवकली निवासी श्री राम पुत्र काशीराम पड़ोसी से गाली गलौज कर झगड़ा कर रहा था तभी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया इसी क्रम में टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पुलिस बल साथ नगर में भ्रमण कर रहे थे झगड़े की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने मोहल्ला कागजीपुरा निवासीगण रविकांत शशिकांत पुत्रगण धर्मपाल समेत दोनों भाई आपस में गाली गलौज कर झगड़ा कर रहे थे वही कागजीपुरा मोहल्ले निवासी रंजीत पुत्र बैजनाथ अपनी पत्नी को गाली गलौज कर झगड़ा कर रहा था तभी पुलिस टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया उक्त घटना में कालपी पुलिस ने चारों अभियुक्तों के खिलाफ अलग-अलग चालानी रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण कराकर संबंधित अदालत में प्रस्तुत किया।

# सड़क दुर्घटना में तीन घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 4 मई** सोमवार को दोपहर बाइक ई रिक्शा की भिड़ंत पर तीन लोग बुरी तरह घायल हुए। खबर अनुसार ग्राम उकासा निवासीगण 42 वर्षीय दिनेश मिश्रा पुत्र राम स्नेही मिश्रा 65 वर्षीय गया प्रसाद पुत्र अज्ञात तथा रिक्शा चालक 55 वर्षीय नाम अज्ञात कालपी निवासी बाइक चलाकर कालपी की ओर आ रहे थे तभी रिक्शा नगर से आलमपुर चौराहे में जैसे ही गया दोनों में जबरदस्त टक्कर हो गई उपरोक्त तीनों लोग घायल हो गए घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने उपरोक्त तीनों घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदर्श गौतम ने तीनों घायलों की जांच की जांच दौरान स्थिति संतोषजनक पाए जाने पर स्वास्थ्य टीम को लगाकर इलाज शुरू किया।

# चौथे दिन की कथा में बालि वामन प्रसंग एवं श्रीकृष्ण जन्म कथा का रसवादन कराया

( यंग भारत न्यूज )

जालौन-उरई । श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन की कथा में बालि वामन प्रसंग एवं श्रीकृष्ण जन्म कथा का रस्सवादन भक्तों ने किया। ग्राम महिया में रामजानकी मंदिर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित महाराज ने कहा कि जब भगवान श्री कृष्ण की जन्म लीला सुनाई तो भक्त भाव विभोर होकर नाचने को मजबूर हो गए। महिया प्रतापपुरा में दुर्गा माता मंदिर परिसर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान



यज्ञ के चौथे दिन कथा व्यास पंडित सर्वेश दीक्षित महारा ने बालि वामन की कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान के अवतार ने बालि से तीन पग भूमि मांगी थी और उन्होंने दो पग में ही आकाश व पाताल को नापकर बालि का अभिमान चूर कर दिया था। इसके बाद उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि जब कंस का अहंकार बढ़ गया और वह अच्छाई और बुराई का भेद भूल गया तब भगवान को मनुष्य रूप में पृथ्वी पर प्रकट होना पड़ा। श्रीकृष्ण का मथुरा की जेल में प्राकट्य होने के बाद वासुदेव ने रातों-रात उन्हें गोकुल में नंद बाबा के यहां पहुंचा दिया और उनके यहां जन्मी पुत्री को देवकी की गोद में दे दिया। उधर, गोकुल में जैसे ही सुबह सभी जागे तो नंदबाबा के यहां लाला का जन्म होने की बात पता चलते ही पूरा गोकुल जश्न मनाने लगा। सभी ब्रजवासी नाचते-झूमते हुए 'नन्द घर आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की' गाते हुए मस्त हो रहे थे। इस दौरान बीच-बीच में संगीतमय भजनों की प्रस्तुति से बैठे श्रोतागण झूम कर भक्तिभाव से नृत्य भी कर रहे थे।

# खेत देखने गये युवक के साथ गांव के युवकों ने गाली गलौज कर मारपीट की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** खेत देखने गये युवक के साथ गांव के युवकों ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी जिससे पीड़ित घायल हो गया। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ गाली-गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमरा निवासी जीतू पुत्र पप्पू 1 मई 2026 को समय सांय लगभग साढ़े 7 बजे खेत पर पानी देखने गया था।गांव के निवासी बच्चू वर्मा के खेत के पास मेरे गांव के विवेक पुत्र दिनेश रजक मिला जो मुझे देखते ही गाली गलौज करने लगा।गाली-गलौज करते हुए बोला कि तेरे बडे दादा (ताऊ) बहुत नेता बनते हैं ।मैने गाली देने से मना किया तो विवेक ने फोन करके अपने घर से धीरेन्द्र कुमार पुत्र अशोक रजक एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के साथ आया और तीनों ने मिलकर मेरे साथ लात घूसा डंडो से मारपीट कर दी जिससे मेरे काफी चोटे आयी है।मारपीट करने के बाद ये लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि मारपीट के दौरान वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कदौरा में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से रिटायर्ड लेखपाल की मौत, परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जालौन जनपद के कदौरा कस्बे में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में रिटायर्ड लेखपाल की मौत हो गई। तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार वृद्ध को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी जान चली गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, कदौरा कस्बा निवासी 71 वर्षीय प्रभु दयाल, जो कि सेवानिवृत्त लेखपाल थे, अपनी बाइक से उरई पेंशन निकालने आए थे। दोपहर करीब 2 बजे पेंशन लेकर वापस कदौरा लौटते समय पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रभु दयाल सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस हृदयविदारक घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। क्षेत्र में भी शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं को रोका जा सके।

# जिला मुख्यालय उरई में पड़ रहा बदमाशो का आतंक

### -उरई में नकाबपोश बदमाशों ने पैदा कर दिया ख़ौफ़ः घर पर पथराव, महिलाओं से अभद्रता, CCTV में कैद घटना

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर में बीती रात उस समय हड़कंप मच गया, जब बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने एक घर को निशाना बनाते हुए जमकर पथराव किया। घटना के दौरान घर के अंदर मौजूद महिलाओं के साथ बदमाशों ने अश्लील टिप्पणियां कीं और जमकर गाली-गलौज की, जिससे इलाके में दहशत का माहौल फैल गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाश देर रात अचानक मोहल्ले में पहुंचे और एक घर पर हमला बोल दिया। पथराव से घर के बाहर खड़ी संपत्ति को नुकसान पहुंचा, वहीं परिवार के लोग भयभीत हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग बाहर निकले, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। घटना की पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इंदिरा नगर क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद से मोहल्ले में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से इलाके में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# अनुशासनहीन पर ग्राम पंचायत अधिकारी पवन तिवारी निलंबित

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद जालौन के विकासखंड जालौन अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़ गांव में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी पवन तिवारी को गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) जालौन की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद ने तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी करते हुए पवन तिवारी को विकासखंड डकोर कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। बताया गया है कि पवन तिवारी पर अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन न करने और विभागीय निर्देशों की अनदेखी करने के आरोप हैं। मामले के अनुसार, हाल ही में जिले के नोडल अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह के प्रस्तावित जन चौपाल कार्यक्रम को लेकर ग्राम पंचायत पहाड़ गांव में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद पवन तिवारी ने न केवल व्यवस्थाएं नहीं कीं, बल्कि कार्यक्रम को अन्य ग्राम पंचायत में आयोजित कराने का दबाव बनाते रहे। इतना ही नहीं, 29 और 30 अप्रैल को भी वह बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे, जिससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित हुए। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें निलंबित कर दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और दोषी अधिकारियों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सिद्धार्थनगर में जल जीवन मिशन में खुली 'भ्रष्टाचार' की पोल, हवा में लटकी पानी की टंकी

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश में एक बार फिर जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार की पोल की खुली है, ताजा मामला प्रदेश के जनपद सिद्धार्थनगर से सामने आया है. सिद्धार्थनगर में जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार की बुनियाद पर बनाई पानी टंकी आंधी-बारिश में क्षतिग्रस्त हो गई. आलम यह हुआ पानी हवा में झूला झूलने लगी, जिसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं.



जानकारी के मुताबिक, जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का यह मामला इटवा नगर पंचायत से सामने आया है. यहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत करहिया पुल के पास बनी पानी की टंकी लटकने की स्थिति में है. मामूली मौसम बदलाव में ही ढांचा जवाब देने से निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं.

हवा में लटक रही टंकी से दहशत में ग्रामीण

टंकी के हवा में लटकने की भयावह तस्वीरें भी सामने आई हैं, जो डराने वाली हैं. हवा लटकती यह टंकी किसी भी वक्त किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकती है. स्थानीय रहवासी हवा में लटक रही इस टंकी से खौफजदा हैं, और वह इसे मौत की टंकी बता रहे हैं. साथ ही वह डर और दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं.

प्रशासन ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

हालांकि, स्थानीय लोगों ने यह भी बताया है कि इस मामले की जानकारी से प्रशासन को अवगत करा दिया गया है, लोगों का आरोप है कि मामले की सूचना देने के बाद प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. ग्रामीणों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त टंकी हटाया जाए, साथ ही मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए.

आपको बता दें कि, यूपी में जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का यह कोई पहला मामला नहीं है, जब भ्रष्टाचार इस तरह उजागर हुआ हो. इससे पूर्व महोबा में भी उद्घाटन के बाद टंकी में लीकेज हो गया था. पानी भरने के साथ ही टंकी में दरारें पड़ गईं और पानी बहने लगा था.

# कुठौंदा बुजुर्ग में मुख्य मार्ग पर बना गड्ढा परेशानी का सबब बना

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विकास खण्ड के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में मुख्य मार्ग पर बना गड्ढा परेशानी का सबब बना हुआ है। आम रास्ते में गड्ढा होने के राहगीरों को परेशानी हो रही है तथा आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

गांव के के मुख्य मार्ग पर दूजू मास्टर के मकान के ठीक सामने, सड़क के बीचों-बीच एक गहरा गड्ढा बना हुआ है। सड़क पर बना गड्ढा ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इंटरलॉकिंग सड़क के टूटने से बना यह गड्ढा राहगीरों में विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के साथ वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। मुख्य मार्ग होने के कारण यहाँ से दिन-भर वाहनों का आवागमन रहता है, और रात के समय अंधेरा होने पर यहाँ किसी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।ग्रामीणों ने इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से भी की किन्तु इसके बाद भी सड़क पर बने गड्ढे को बंद नहीं कराया गया है।

# डीएमएफ से जनपद में विकास को नई धार, अस्पतालों से लेकर सड़कों तक बड़े कामों पर मुहर

### -स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, शहरी सुविधाओं के विस्तार और आमजन को राहत देने वाले कार्यों को मिली प्राथमिकता

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में प्रधानमंत्री खनिज कल्याण क्षेत्र योजना के तहत (डीएमएफ) न्यास की बैठक में जनपद के विकास को जमीनी स्तर पर तेज करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई सांसद नारायण दास अहिरवार, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन आदि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।



डीएमएफ निधि का उपयोग अब सीधे जनसुविधाओं और आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने वाले कार्यों पर केंद्रित किया जा रहा है। विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और शहर व कस्बों की आधारभूत व्यवस्थाओं को मजबूत करने वाले प्रस्तावों को अनुमोदित किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि डीएमएफ निधि का उपयोग सीधे जनता से जुड़े कार्यों पर किया जाए और सभी स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जाए। जनपद में खनन प्रभावित क्षेत्र में सड़क व नाली निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को स्वीकृति दी गई। इसमें इंटरलॉकिंग सड़क एवं ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया, जिससे शहरी, ग्रामीण कस्बा क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। जिला चिकित्सालय उरई में डामर रोड एवं टीन शेड निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई, जिससे मरीजों व तीमारदारों को बेहतर आवागमन व सुविधा मिल सके।जिला महिला चिकित्सालय में 125 केवीए के 3 फेज जनरेटर की व्यवस्था का प्रस्ताव रखा गया, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होने पर भी स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रह सकें—यह कदम महिला स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाएगा। जिला अस्पताल में भीषण गर्मी से राहत हेतु पंडाल, एसी, एयर कूलर, वाटर कूलर जैसी व्यवस्थाओं के लिए डीएमएफ से धनराशि उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। इससे मरीजों व उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी। जिला चिकित्सालय उरई में मरीजों और तीमारदारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पहुंच मार्ग के सुदृढ़ीकरण और टीन शेड निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई, ताकि अस्पताल में किसी भी मौसम में आने-जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही जिला महिला चिकित्सालय में विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी सेवाएं निर्बाध रूप से चलती रहें, इसके लिए उच्च क्षमता वाले जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। ग्राम डेकोर तहसील उरई में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड के किनारे डंपिंग यार्ड का निर्माण कार्य लागत 161.99 लाख से कराया जाएगा। हाईटेक नर्सरी बुधपुरा में विद्युत कनेक्शन अनुमोदित किया गया जिससे किसानों को लाभ होगा। खान अधिकारी जे बताया गया कि जनपद में डीएमएफ के माध्यम से बड़ी संख्या में विकास कार्य संचालित हैं, जिनमें अधिकांश पूर्ण हो चुके हैं और शेष कार्यों को तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, खान अधिकारी सन्नी कौशल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दर्जनों पूर्व सैनिको ने विद्युत विभाग केजेई की तानाशाही के खिलाफ आजडीएम को ज्ञापन दिया

## तानाशाह जे ई अब तक पांच पूर्व सैनिकों को नौकरी से हटा चुका है

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** ।दो दर्जन से अधिक पूर्व सैनिकों ने पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व कप्तान अखिलेश नगाइच आज कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे को ज्ञापन दिया। पूर्व सैनिकों ने अपने ज्ञापन में बताया है कि ग्राम सरसेलाके पावर हाउस का तानाशाह जे ई अब तक एक वर्ष भीतर कुल 11 पूर्व सैनिकों की नौकरी ले चुका है जब कि पिछले 3 महीने में अब तक पांच पूर्व सैनिकों को काम से हटा चुका है। पूर्व सैनिकोंने जिलाधिकारी को बताया कि यह अवर अभियंता अरुण कुमार बात-बात में पूर्व सैनिकों को गाली गलौज से बात करता है तथा उनसे अपने घर के पर्सनल काम करवाना चाहता है। जयपुर सैनिक जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वर सनी चावल किया अपना सर्वस्व न्यौछावर किया जेई अरुण कुमार के गलत और असभ्य व्यवहार से बेहद आहत हैं। इसलिए इस अवर अभियंता अरुण कुमार की जांच कर कर उसके खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए । पिछले 3 महीनों में तानाशाह जे ई अरुण कुमार नेजिन पांच पूर्व सैनिकों को गाली गलौज का विरोध करने और घर का काम करने से इनकार करने पर जिन पांच पूर्व सैनिकों को काम से निकला है। उनमे हवलदार दीपक कुमार, हवलदार पंकज चतुर्वेदी, नायक मोहर सिंह नायक, नायक वीर सिंह हवलदार जितेंद्र सिंह है पूर्व कैप्टन अखिलेश नगाइचतने बताया कि अपनी तानाशाही के चलते पिछले एक वर्ष में अवर अभियंता विद्युत बरसेला पावर हाउस से 11 पूर्व सैनिकों को किम से है निकल चुका है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की ऐसे तना साहब जेई अरुण कुमार की जांच कराकर कठोर कार्रवाई की जाए जाए ज्ञापन देने वालों में पूर्व कैप्टन अखिलेश नगाइच ,नायब सूबेदार दिनेश निगम , सूबेदार मुक्ता प्रसाद, हवलदार जितेंद्र सिंह हवलदार विजय बहादुर , नायबसूबेदार शिव पाल सिंह चंदेल ,हवलदार संत राम तिवारी , सूबेदार भोला राम पाल , नरेश सिंह चौहान,किशन कुमार राजा राम पांडेय,हरि प्रकाश अनिल कुमार सिंह, क्रपानन सिंह , द्वारिका प्रसाद, दीपक तिवारी, नायक उदित नारायण हवलदार अनिल कुमार अग्निहोत्री, हवलदार शिव सिंह कुशवाहा, हवलदार रमन सिंह, हवलदार राजवीर सिंह, सूबेदार रामबाबू राठौर, हवलदार लल्लन सिंह ,,नायक धर्मवीर सिंह ने तानाशाह जे ई अरुण कुमार के खिलाफ जमकर नारे बाजीकी और डीएम सेजांच कराकर कठोर कार्रवाई करने की मांग की

सोमवार को यंग भारत मे मुख्य पृष्ठ पर छपी खबर का डीएम ने तत्काल लिया संज्ञान

# एडीएम व अभियंताओं को पर्यवेक्षण कार्य तेज ना करने पर जताई नाराजगी

## जल जीवन मिशन में ढिलाई पर डीएम सख्त, रोड रेस्टोरेशन व जलापूर्ति हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )**।एडीएम व अभियंताओं को पर्यवेक्षण कार्य तेज ना करने पर जताई नाराजगी, सीडब्लूआर प्वाइंट्स पर रोस्टर अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश उरई (जालौन) ।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में कार्यों की प्रगति का गहन परीक्षण करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को प्रत्येक गांव में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित हेतु अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अधिशासी अभियंता व करदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सामने आया कि विभिन्न पैकेजों में पाइपलाइन बिछाने के बाद कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हैं और उनका रोड रेस्टोरेशन कार्य अभी भी लंबित है, जिससे आमजन को असुविधा हो रही है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी शेष गांवों में प्राथमिकता के आधार पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाए ।जिलाधिकारी ने समीक्षा में यह भी पाया कि जीवीपीआर के 212 गाँव के सापेक्ष 26 गांवों में जलापूर्ति अभी शुरू नहीं हो सकी है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि लंबित गांवों में निर्धारित मानव संसाधन लगाकर कार्य में तेजी लाई जाए और शीघ्र ही शेष ग्रामों में जलापूर्ति प्रारंभ की जाए। जहां कहीं पाइपलाइन लीकेज, अधूरे कनेक्शन या तकनीकी बाधाएं हैं, उन्हें अभियान चलाकर तत्काल दूर कर लम्बित कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। अपर जिलाधिकारी एवं अधिशासी अभियंता नियमित रूप से प्रतिदिन आकस्मिक रूप से ग्रामों का भ्रमण कर जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराए । अभियंताओं के शिथिल पर्यवेक्षण पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, संबंधित उपजिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी नियमित रूप से गांवों का स्थलीय निरीक्षण करें और जलापूर्ति कार्यों की वास्तविक स्थिति की निगरानी स्वयं करें। विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि सला पेयजल परियोजना के सभी 11 प्वाइंट्स पर रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि इन सभी प्वाइंट्स पर रोस्टर तैयार कर उसे अंकित किया जाए, जिसमें यह दर्शाया जाए कि प्रत्येक स्थान पर प्रतिदिन कितने घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसी भी दशा में जलापूर्ति बाधित न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक गांव में रोड रेस्टोरेशन पूर्ण होने के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता की जाँच भी की जानी आवश्यक है । सभी बीडीओ और एसडीएम यह सुनिश्चित करें की शेष रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए ।हर घर-घर नल जल कनेक्शन के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की दैनिक समीक्षा करते हुए प्रगति में तेजी लाई जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि योजना के अंतर्गत जनपद में लगभग 1600 किलोमीटर सड़कों की खुदाई की गई थी, जिनमें से 16601 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। जांच में यह भी सामने आया कि 264 ग्राम पंचायतों में लगभग 240 किलोमीटर सड़क निर्माण अभी अवशेष है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी एजेंसियों जीवीपीआर एवं बीजीसीसी को निर्देश दिए कि मई माह तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में सड़क पुनर्निर्माण का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए ।निर्धारित अवधि में कार्य ना करने या शिथिलता बरतने वाली कंपनी के विरुद्ध नोटिस जारी कर उनके अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की संस्तुति भी की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, अधिशाषी अभियंता अंचल गुप्ता आदि संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

# काशीराम कालोनी जूनियर हाईस्कूल कोंच रोड उरई में 05 मई विधिक साक्षरता शिविर

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )**। सचिव/तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति ने मुख्य चिकित्साधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला प्रोवेशन अधिकारी,जिला समाज कल्याण अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी,खंड विकास अधिकारी,श्रम प्रवर्तन अधिकारी,खंड शिक्षा अधिकारी शहर,बाल विकास परियोजना अधिकारी,शहर,पूर्ति निरीक्षक उरई को विधिक साक्षरता शिविर/जागरूकता कार्यक्रम 05 मई 2026 के आयोजन के सम्बन्ध में बताया कि अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालौन स्थान उरई के पत्र 07.03.2026 के द्वारा माह मई 2026 में विधिक सेवा कार्यक्रम, विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 05 2026 को कांशीराम कालोनी जूनियर हाईस्कूल कोंच रोड उरई में ' राष्ट्रीय मजदूर दिवस solid waste management rules 2016/फ्लैग कोड का प्रचार-प्रसार / drug awareness and wellness navigation for a drug free india (dawn)/ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2018 की जानकारी / गरीबी उन्मूलन स्कीम का प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता कार्यकम हेतु अपरान्ह 10:00 बजे निर्धारित किया गया है, जिसमें टीम लीडर श्री योगेन्द्र सिंह तखेले, पी. एल. वी. नामित किये गये हैं। उक्त के सम्बन्ध में योगेंद्र सिंह तखैले पी0एल0वी0 द्वारा अवगत कराया गया है, कि विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन काशीराम कालोनी जूनियर हाईस्कूल कोंच रोड उरई में 05 मई 2026 को किया जा रहा है। अत: आपसे अनुरोध है कि उक्त शिविर में निर्धारित तिथि पर समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत को सफल बनाने के लिए आयोजित की गयी बैठक

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मई 2026 को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिये अध्यक्ष/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत परिवार न्यायालय प्रवीण कुमार पाण्डेय, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जालौन स्थान उरई की अध्यक्षता में अनुश्रवण राष्ट्रीय लोक अदालत समिति की चतुर्थ बैठक नवनिर्मित भवन वादकारियों के बैठने हेतु प्रतीक्षालय, परामर्शदाता केन्द्र, परिवार न्यायालय, जालौन स्थान उरई में आयोजित की गयी। जिसमें प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जालौन स्थान उरई मनोज कुमार सिंह गौतम के कुशल निर्देशन में तथा अध्यक्ष / नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत परिवार न्यायालय प्रवीण कुमार पाण्डेय, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, जालौन स्थान उरई की अध्यक्षता में अनुश्रवण राष्ट्रीय लोक अदालत समिति की चतुर्थ बैठक आयोजित की गयी। जिसमें अध्यक्ष/नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार पाण्डेय द्वारा लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिये गये कि अधिक से अधिक पारिवारिक, वैवाहिक एवं भरण पोषण वादो में पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता कराये जाने का प्रयास करें जिससे अधिक संख्या में पारिवारिक, वैवाहिक एवं भरण पोषण वादो को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सके। बैठक में उपस्थित परिवार कल्याण विशेषज्ञ सुश्री प्रियंका द्विवेदी, परामर्शदाता, के. के. प्रजपाति, सदस्य / मध्यस्थगण विनोद प्रकाश व्यास, श्रीमती सुलेखा सिंह द्वारा बताया गया कि लिटीगेशन हेतु जो भी पत्रावलियों न्यायालय से प्राप्त होती है उनमें मीडियेशन करायी जा रही है एवं निरंतर वादकारियों से सम्पर्क किया जा रहा है एवं नियत तिथियों पर पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता कराये जाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया जा सके। बैठक में उपस्थित विद्वान अधिवक्तागण द्वारा भी आश्वासन दिया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु पक्षकारों को समझाने का प्रयास कराया जायेगा। बैठक में सदर मुंसरिम काजी वसीम उल्ला, एवं विद्वान अधिवक्तागण रामजी, महेन्द्र कुमार सिंह, जुल्फिकार हुसैन, शिवम सिंह सेंगर पंचम लाल सैनी एवं न्यायालय कर्मचारी महेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# न्यायिक अधिकारियों ने किया जिला कारागार का साप्ताहिक भ्रमण

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )**। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी-। ने 04 मई 2026 को जिला कारागार उरई का साप्ताहिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।निरीक्षण के दौरान जेल के मुख्य दरवाजे पर मरम्मत का कार्य चल रहा था। निरीक्षण में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी-। ने जिन बन्दियों की जमानत सक्षम न्यायालय से हो चुकी हैं किन्तु जमानतगीर न होने के कारण रिहा नहीं हो पा रहे हैं, उनकी सूची अविलम्ब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के कार्यालय में प्रेषित किये जाने हेतु जेल प्रशासन को निर्देशित किया, जिससे कि उन बन्दियों के सम्बन्ध में प्रभावी पैरवी कर उन्हे शीघ्रता से कारागार से रिहा करवाया जा सकें एवं जिन बन्दियों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हैं उनकी जमानत राज्य की ओर से जिला अधिकार प्राप्त समिति जालौन के माध्यम से करवायी जा सकें। बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त मुलाकाती क्षेत्र में बन्दीगण के परिजनों की सहायता हेतु स्थापित लीगल एड हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव महोदया द्वारा कुछ बन्दीगण से उनकी समस्या के बारें में भी पूछा गया तो बन्दीगण द्वारा कोई समस्या नहीं बतायी गयी ।इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ0 राहुल बर्मन, उपकारापाल अमर सिंह व संगेश कुमार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के लिपिक श्री शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

# शिक्षक संजय दुबे उर्फ संजू दुबे के हत्या आरोपी कीशीघ्र गिरफ्तारी होगी-एएसपी

## विवेचना में सही पाए जाने पर गैर इरादतन हत्या के मामले को हत्या के मुकदमे तरमीम किया जायेगा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** ।शिक्षक ,लोकगायक, रंग कर्मी , समाजसेवी संजय दुबे उर्फ संजू दुबे के हत्या आरोपी किसी गिरफ्तारी की जाएगी। यह भाग जिले के अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईशान सोनी ने कही । आज जिले के शिक्षक संगठनों के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज एक एक ज्ञापन अपर पुलिस अधीक्षक को दिया गया। जिसमें इन संगठनों के नेताओं ने बताया की शिक्षक संजय उर्फ संजू दुबे एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे ।वह शिक्षक के साथ-साथलोक गीत गायक , रंग कर्मी और प्रसिद्ध समाजसेवी थे। प्रतिनिधि मंडल नेएएसपी को बतायकि बीजेपी 17 मार्च की रात हत्या आरोपी उनके मित्र विवेक दुबे शुक्ला ने संजय दुबे को फोन करके बुलाया। उन्होंने एक जगह शराब पी संजय दुबे के छोटे भाई विवेक दुबे जो प्रबंधक है सनातन धर्म इंटर कॉलेज के ने एएस पी है श्रीसोनी को बताया की 5लाख रु विवेक शुक्ला ने मित्र के नातेउनसे उधार लिए थे । लेकिन जब काफी समय बाद भीनहीं लौट आया ।तो इस शराब पार्टी के दौरान इस पर दो लोगों के बीच में बहस हुई और कहां सुनी हुई। विवेक दुबे का कहना है इसी की रंजिश के चलते विवेक शुक्ला ने हमेशा केलिएसंजय दुबे को अपने रास्ते से हटाने के लिए। अपनी सफारी गाड़ी से उनकी मोटरसाइकिल है पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण संजय दुबे अपनी मोटरसाइकिल के साथ अनियंत्रितहोग ए उनकीमोटरसाइकिल तेजी सेएक खंभे से टकराईं ।इससे वे संजय दुबे गंभीर रूप से घायल होगा ए। लेकिन पीछे से अपनी कार से आ रहे विवेक शुक्ला ने रुकक्षजमीन पर गंभीर रूप से घायल पड़े अपने मित्र संजय दुबे को अस्पताल पहुंचाने कीपहुंचाने की भी जिम्मेदारी नहीं उठाई ।जिसके चलते अधिक खून बह जाने कारण जब संजू दुबे को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया तो वहां डॉक्टर ने उन्हें घोषित कर दिया। विवेक दुबे ने एएसपी को बताया उन्होंने बी 29 मार्च को कोतवाली उरई में उन्होंने विवेक शुक्ला के खिलाफ नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली पुलिस ने हत्या की जगह गैर इरादतनहत्या कामामला दर्ज कर लिया । कोतवाली इंस्पेक्टर आनंद सिंहपुलिस दल के साथ हत्या के आरोपी विवेक शुक्ला की सफारी कार को पकड़ कर कोतवाली में बंद कर दिया। लेकिन घटना के एक महीना से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोतवाली पुलिस ने हत्या आरोपी विवेक शुक्ला को गिरफ्तार नहीं किया। इससे शिक्षकों सहित समाज के विभिन्न वर्गों में रोश व्याप्त हो गया। कल 3 म ई 2026 जिले के अध्यक्ष संगठनों को जिसमें उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ एससी एसटी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन एससी एसटी शिक्षक संघ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ महिला शिक्षक संघ यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन आटेवा , वित्त विहीनशिक्षक संघ , राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष मंत्रियोंके अलावा वित्त विहीन शिक्षक संघ प्रांतीय अध्यक्षअध्यक्ष अशोक राठौड़ मेंबैठक में हिस्सेदारी की बैठक के संचालन कर रहे प्रांतीय नेता अशोक राठौड़ और गिरेद्र सिंह ने एक प्रस्ताव रखा जिले में इस मुद्दे को लेकर आंदोलन शुरू करने से पहले कल यानी 4 म ई जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे तथा एसपी से यह प्रतिनिधिमंडल मिलेगा और हत्या आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करें। आज डीएम और सपा को ज्ञापन देने वालों में बच्चे ही विभिन्न शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक राठौड़, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेतराम गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष रेंद्र सिरेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश, प्राथमिक शिक्षक संघ के नेता ठाकुरदास यादव,, शिक्षक नेता परशुराम श्रीवास जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता रामबालक व्यास,पुष्पेंद्र सिंह गुर्जरदिनेश कुमार, राम प्रकाश गौतम, कमाल अहमद, प्रदीप रैकवार, आलोक शर्मा, विशाल राय सिंह, सुरेश वर्मा, शिक्षक नेता राकेश निरंजन प्रधानाचार्य, व्यंजनासिंह, प्रधानाचार्य प्रवीण पांडे सहित तमाम निश्रा मोजूद थे। शिक्षकों ने ऐसे न्याय की जीत बताया

# नारी शक्ति का आक्रोश ईडी गठबंधन हुआ बेहोश

( यंग भारत न्यूज )



आज भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कार्यकर्ताओं के साथ पश्चिम बंगाल एवं असम की जीत का पर जोरदार जश्न मनाया मिष्ठान वितरण किया ढोल बजाकर अतीश बाजी कर खुशी जाहिर की एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल संकट मोचन मंदिर पर पूजा अर्चना कर जीत की खुशी मनाई भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र का परचम लहराया, जनता के विश्वास ने इतिहास रच दिया

यह विजय केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति जनता के अटूट विश्वास की अभिव्यक्ति है। पश्चिम बंगाल की जागरूक एवं सम्मानित जनता ने यह सिद्ध कर दिया है कि जनआशीर्वाद हमेशा सत्य, सेवा और समर्पण के साथ खड़ा रहता है। अब बंगाल विकास, सुरक्षा, समृद्धि और नए आत्मविश्वास के साथ उज्ज्वल भविष्य की ओर तेज़ी से अग्रसर होगा पश्चिम बंगाल की समस्त जनता को हृदय से धन्यवाद एवं अनंत शुभकामनाएं लोकतंत्रट्ठकीट्ठजीत है मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय जिला महामंत्री विवेक कुशवाहा पुष्पेंद्र सेगर प्रशांत द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष रेखा वर्मा विनोद अहिरवार राम अनुग्रह राजावत रामजी राजपूत नीरज दुबे मीनू मिश्रा रिशाल सिंह मनोज यादव भास्कर अवस्थी बंधन द्विवेदी शीतल सेगर राजेंद्र शर्मा गरिमा पाठक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# फर्जी निरीक्षण दिखाकर सफाई कर्मचारी को निलंबित करने का आरोप, डीएम से लगाई न्याय की गुहार

## नोटिस दिए बिना कार्रवाई का आरोप, मानसिक उत्पीड़न व अवैध वसूली की भी शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )**। विकास खंड रामपुरा में तैनात एक सफाई कर्मचारी ने एडीओ पंचायत पर फर्जी निरीक्षण दिखाकर झूठे आरोपों में निलंबित कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता रमेश चन्द्र ने बताया कि वह ग्राम धूता में तैनात था और नियमित रूप से जॉब कार्ड के अनुसार सफाई कार्य करता था। उसके अनुसार 4 जुलाई 2025 को भी वह गांव में सफाई कार्य कर रहा था, लेकिन इसके बावजूद एडीओ पंचायत द्वारा फर्जी निरीक्षण दर्शाते हुए उसे निलंबित कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि निलंबन से पहले उसे कोई नोटिस नहीं दिया गया और न ही किसी माध्यम से अवगत कराया गया। साथ ही निलंबन की प्रति भी आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई। उसने बताया कि करीब आठ माह तक उसे निलंबित रखा गया और इस दौरान लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि ब्लॉक में तैनात एक अन्य सफाई कर्मचारी विनोद का प्रभाव इतना है कि वह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई तय करता है। किसका वेतन रोका जाए या किसे निलंबित किया जाए, यह उसी के इशारे पर होता है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उस पर दबाव बनाकर पैसे की मांग की गई और दबाव में आकर उसने कुछ धनराशि भी दी। बाद में मांग बढ़ने पर जब उसने पैसे देने से मना किया तो झूठे आरोप लगाकर उसे निलंबित करवा दिया गया। पीड़ित ने बताया कि बाद में उसे अनंतिम रूप से विकास खंड माधौगढ़ के ग्राम पंचायत सरावन में तैनात किया गया और एक माह बाद पुन: रामपुरा ब्लॉक में स्थानांतरण कर दिया गया। सफाई कर्मचारी ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की गोपनीय जांच के लिए टीम गठित कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष देवसिंह पटेल के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम हेमंत पटेल को ज्ञापन सौंपा है। जिसके माध्यम से उन्होंने बताया कि किसानों को निजी नलकूपों के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। उन्होंने निजी नलकूपों को कम से कम 18 घंटे बिजली देने की मांग की है। ग्राम गायर मौजा में जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से खेतों में पानी भरा रहता है। जिससे किसान फसल की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में गायर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए। इसके अलावा मूंग की फसल को खसरा में दर्ज कराने एवं सरकारी दलहन केंद्र खुलवाने की भी मांग की गई। किसानों ने उनकी



समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है। इस मौके पर रामपाल सिंह सेंगर, धर्मेंद्र सिंह, कृपाल सिंह, धनीराम, राजकुमार तिवारी, योगेंद्र सिंह, मानवेंद्र सिंह, भगवानदास राठौर, सोमेश कुमार, चेतन कुमार, संदीप कुमार, संतोष कुमार, दयाराम, विवेक पटेल आदि रहे।

# विहिप-बजरंग दल की बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन के विस्तार पर दिया जोर

## कालपी के वार्डों व नगर स्तर पर नई जिम्मेदारियों की घोषणा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी –उरई।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान संगठन की मजबूती तथा विस्तार करने पर जोर दिया गया। बीती शाम को मनीगंज स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में मिलन केंद्र योजना के तहत आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती, विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगर पदाधिकारियों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से विभिन्न वार्डों और नगर स्तर पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु 'मिलन केंद्र योजना' रहा।जिसके माध्यम से संगठन के कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने तथा कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का लक्ष्य रखा गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए इसे मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न वार्डों में वार्ड संयोजकों की घोषणा की गई। इसके तहत विशाल चौधरी (हरीगंज), अभिषेक वाल्मीकि (कागजीपुरा), आशिक (कांशीराम कॉलोनी), अमित सैनी (रावगंज), गोपाल विश्वकर्मा (राजघाट), गोलू सरदार (टरननगंज) और प्रभु दयाल (गणेशगंज) को जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसके साथ ही नगर कार्यकारिणी में भी महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की गईं। मोहन रायकवार को नगर विद्यार्थी प्रमुख, उज्वल गुप्ता को नगर सह संयोजक, आदित्य पंडित को सह–संयोजक, निखिल पंडित को सुरक्षा प्रमुख, विकास शर्मा को सह–विद्यार्थी प्रमुख तथा रमन कुशवाहा को ग्राम संयोजन प्रमुख (जोल्हूपुर) बनाया गया।

बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष बब्बन ठाकुर सचिन त्रिपाठी (नगर मंत्री, विहिप), हर्ष विश्नोई (बजरंग दल संयोजक) सहित हिमांशु पंडित, गोविंद सोलंकी, राज सोनी समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर विचार व्यक्त किये।

# डेढ़ माह पूर्व घर में आग लगने के मामले में पीड़ित ने गांव के ही दो लोगों पर संदेह व्यक्त किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन–उरई।** लगभग डेढ़ माह पूर्व घर में आग लगने के मामले में पीड़ित ने गांव के ही दो लोगों पर संदेह व्यक्त किया है। कोतवाली पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से परेशान पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र ग्राम छानी खास निवासी कृष्णपाल सिंह एवं ब्रह्मपाल सिंह ने एसपी विनय कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व 17 मार्च को उसके साथ गांव के ही दो लोगों ने झगड़ा किया था और धमकाया था। इसके बाद उसी रात में ही उसके घर में आग लग गई। किसी तरह परिवार के लोगों ने जान बचाई। पीड़ित ने संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि आग उन्हीं दो लोगों ने लगाई है, जिनसे उसका झगड़ा हुआ था। आरोप लगाया कि इसकी शिकायत उसने कोतवाली पुलिस से भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# महिला के साथ अश्लील हरकत करने पर नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी–उरई।** बीती सुबह तहसील कालपी क्षेत्र के एक ग्राम में शौच करने गई महिला के साथ गांव के युवक के द्वारा अश्लील हरकत करने की घटना को लेकर पीड़ित के द्वारा थाना आटा में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक राम सजीवन वर्मा को सौंपी गई है।

उक्त मामले को लेकर ग्राम ददरी की निवासिनी पीड़ित महिला ने अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 04.05.2026 को सुबह करीब 6:30 बजे सुबह अपने घर से शौंच क्रिया के लिए गांव के बाहर गई तभी अचानक मेरे गांव का ही लड़का आरोपी शिवम पुत्र टूटटी मुखिया उर्फ हरिशंकर आ गया और गलत नीयत से मेरा हाथ पकड़ कर गाली गलौज करने लगा मैं उसको धक्का देकर वहां से भाग कर अपने घर आई और इस घटना के बारे में परिवार को बताया।

# हर घर नल योजना बुरी तरह फ्लॉप: ग्रामीणों की दर्दभरी कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली सच्चाई

( यंग भारत न्यूज )

**( कोंच जालौन )** ग्राम फुलैला क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में हर घर नल' योजना का नाम भले ही उम्मीद जगाता हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है गांवों में रहने वाले लोग आज भी पानी की बूंद–बूंद के लिए जूझ रहे हैं, जबकि कागजों में हर घर तक नल पहुंच चुका है ग्रामीणों का कहना है कि नल तो लगाए गए लेकिन उनमें पानी नहीं आता कई जगह पाइपलाइन अधूरी पड़ी है तो कहीं महीनों से सूखे नल केवल दिखावे का हिस्सा बने हुए हैं महिलाएं आज भी दूर–दराज के हैंडपंपों और कुओं से पानी लाने को मजबूर हैं तपती धूप हो या कड़ाके की ठंड पानी की यह जंग हर दिन जारी है स्थिति इतनी गंभीर है कि कई घरों में पीने का साफ पानी तक उपलब्ध नहीं है बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है क्योंकि उन्हें भी पानी लाने में हाथ बंटाना पड़ता है बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए यह समस्या और भी कष्टदायक बन गई है





ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि योजना का लाभ केवल कागजों तक सीमित रह गया है अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के कारण लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद लोगों को राहत नहीं मिल पा रही कई बार शिकायतें करने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई यह तस्वीर सिर्फ एक गांव की नहीं बल्कि कई ग्रामीण क्षेत्रों की सच्चाई को उजागर करती है 'हर घर नल' का सपना आज भी अधूरा है, और लोग पूछ रहे हैं—आखिर कब मिलेगा उन्हें उनका हक यह खबर केवल एक समस्या नहीं दिखाती बल्कि सिस्टम पर भी सवाल खड़े करती है अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।

# इंडियन इंक्लसिव पार्टी ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

## क्रांति की प्रथम दीपशिखा वीरांगना झलकारी बाई के नाम से कोंच स्टैंड चौक का नामकरण किये जाने की मांग उठाई

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** इंडियन इंक्लसिव पार्टी के जिलाध्यक्ष उमाशंकर वर्मा के नेतृत्व में श्याम बिहारी मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष, आनंद कुमार गुप्ता, रविशंकर, बृजकिशोर, हरनारायण वर्मा, सज्जन सिंह वर्मा, लाखनसिंह वैरागी, मुन्ना लाल भारती, हरिकिशन राजपूत, घनश्याम सिंह बाबू राजेन्द्र नगर ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को भेंट करते हुए मांग उठाई कि 1857 क्रांति की प्रथम दीपशिखा वीरांगना झलकारी बाई जी के नाम से कोंच बस स्टैंड चौक का नामकरण किये जाने की मांग उठाई।

इंडियन इंडियन इंक्लसिव पार्टी जिलाध्यक्ष उमाशंकर वर्मा ने बताया 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के खिलाफ के खिलाफ अपनी मातृभूमि एवं रानी लक्ष्मीबाई की रक्षा की खातिर युद्ध में लड़ने में महती भूमिका निभाने वाली वीरांगना झलकारी बाई ने युद्ध भूमि में लड़ते लड़ते अपने प्राण आहूत किये थे। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि कोंच बस स्टैंड स्थित क्रांतिकारी चौक का नामकरण किया जाये।

# एनडीए की जीत पर अपना दल (एस) में जश्न, मिठाई बांटकर जताई खुशी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत पर सोमवार को अपना दल (एस) के जिला कार्यालय में जश्न मनाया गया। जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।



जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मिली जीत जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों और राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के सामाजिक न्याय के संकल्प पर जनता ने मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। पश्चिम बंगाल की जनता ने हिंसा की राजनीति को नकारते हुए विकास और सुशासन के पक्ष में निर्णय लिया है।कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर खुशी जताई और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर रोहित राठौर, एडवोकेट लोकेन्द्र सिंह कुशवाहा, लालसिंह बगिया, रामबाबू कुशवाहा, हेमंत लंबरदार, गजेन्द्र कुशवाहा, शुगर सिंह पटेल, रमाकांत कुशवाहा समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल समेत चार राज्यों में भाजपा की जीत पर मनाया जश्न

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी–उरई।** सोमवार को पश्चिम बंगाल असम समेत चार राज्यों की विधानसभा चुनाव की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी को मिली बढ़त को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। भाजपा नेता एवं नगर पालिका अध्यक्ष की अगुवाई में कार्यकर्ताओं समर्थकों तथा महिलाओं ने कालपी में जमकर खुशियां मनाईं तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दी।



नगर पालिका कालपी कार्यालय के परिसर में पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने सभासदों भाजपा कार्यकर्ताओं समर्थकों तथा महिलाओं को विधानसभा चुनाव में अपार जीत पर बधाई दी तथा कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में दिनों दिन बढ़ोतरी करती जा रही है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा देश तरक्की तथा खुशी के रास्ते पर चल रहा है इसी का परिणाम है की भाजपा को हर जगह सफलता हासिल हो रही है। इस अवसर पर सभासद रवींद्र कोरी, राकेश यादव, सभासद प्रतिनिधि शिवा बुंदेला, आशु बाबा नगर महामंत्री धर्मेंद्र पाल ,धर्मेंद्र निषाद,राकेश पुरवार, संजय सविता, गंगाराम प्रजापत, अंजनी सोनी, ओम सैनी, पवन सिंह चौहान, सानू सविता वीरू सविता शरद तिवारी,ओम प्रकाश , अमन गुप्ता, शिवम गुप्ता, राजेंद्र सिंह, मलखान सिंह समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता, सभासद, समर्थक, महिलाओं ने सहभागिता की।

# मेधावी छात्र छात्रा ओं का सम्मान समारोह किया गया

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच( जालौन )** नगर की अग्रणी शैक्षिक संस्था सूरज ज्ञान महाविद्यालय कोंच में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा फल 2026 में तहसील कोंच के समस्त इंटर कॉलेज के प्रथम द्वितीय एवम तृतीय स्थान पर रहे छात्र/छात्राओ का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबन्धक अंकुर यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जे डी सी बैंक उरई के सभापति एवम भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह मुन्नू ,विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री विवेक कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष भाजपा नीरज दुबे नगर उपाध्यक्ष भाजपा मनीष नगरिया अनिल अग्रवाल महामंत्री भाजपा राजेन्द्र दुबे एवम पूर्व महामंत्री बार संघ कोंच एडवोकेट दीपक मिश्रा मौजूद रहे।सर्व प्रथम मंचस्थ अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के डॉ सुनील मुदगिल, मनोज पटेल अजय स्वर्णकार, नीरज सोनी,अनिल यादव विकास अखिलेश, मुकेश आशुतोष पटेल,ब्रजेंद्र यादव,पवन यादव आदि ने मंचस्थ अति थियों का माल्यर्पण कर स्वागत किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष मिश्रा ने महाविद्यालय की वार्षिक आख्या एवम इतिहास प्रस्तुत किया। इस अवसर पर इंटर कालेज सिमिरया के रश्मि, किरण शिवि इंटर कॉलेज देवगांव के योगेश,प्रिंसी, लक्ष्मण,सद्गुरु इंटर कॉलेज चांदनी के राखी,भवानी,निशा पाल,बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की मेघा, महक,निशा, सेठ विन्द्रावन इंटर कॉलेज के सिम्मी अनुज अनिकेत अमर चंद महेश्वरी इंटर कॉलेज के रुचि,प्रखर,रोहणी, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कोंच के हर्षित गुप्ता,शिव गुप्ता,राहुल नगाइच नाथूराम पुरोहित इंटर कॉलेज की कुमकुम, अनुष्का,रोली,पंडित रामस्वरूप रावत इंटर कॉलेज के स्नेहा यादव,निखिल पटेल स्नेहा नायक,इंटर कॉलेज हरदोई गुर्जर की काजल,प्रजापति पायल,कविता कुमारी अंडा विद्यालय के मानव,शीतल, अनुष्का श्री राम इंटर कॉलेज पहाड़गांव की अंकिता, सौरभ,निकेता,आर एस विद्यापीठ इंटर कॉलेज जमरोही कला की साहिबा, सानिया एवम सलौनी,इंटर कॉलेज अकनीवा से प्राची,सान्या, साक्षी शीतला, इंटर कॉलेज क्योलारी से साधना, रुद्र प्रताप,राशिद आदर्श इंटर कॉलेज भदेवरा से सना देवी सुलेखा,आकाश वर्मा, शालिग्राम पाठक इंटर कॉलेज से आयुष रिंकी,गौरव कुमार सूरज ज्ञान इंटर कॉलेज कोंच से कंचन देवी,हरिकिशुन,मयंक सिंह को विद्यालय में क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मंचस्थ अतिथियों ने सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष मिश्रा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत एवम अभिनन्दन किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि बृजभूषण सिंह मुन्नू ने छात्र/छात्राओ को शुभाशीष प्रदान किया एवम उनके उज्ववल भविष्य कामना की। कार्यक्रम को जिला महामंत्री भाजपा विवेक कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा नीरज दुबे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय प्रवक्ता रोहित राठौर ने किया। इस अवसर तहसील कोंच के समस्त इंटर कॉलेज के प्रवक्ता गण, शिक्षक गण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, अभिभावक गण छात्र छात्राये एवम महा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।।

# विद्युत विभाग टीम ने शिविर लगाकर स्मार्ट मीटर के सम्बंध में मौजूद उपभोक्ताओं को किया जागरूक

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 4 मई।** नगर में स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के बीच आक्रोश दिनों दिन बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा था वही विद्युत विभाग ने उपभोक्ता की स्मार्ट मीटर कि समस्याओं के बारे में शिविर में जानकारी देकर प्रत्येक बिंदुओं में जागरूक किया। खबर के अनुसार सोमवार के दिन विद्युत अधिशाषी अभियंता महेंद्र नाथ भारती के निर्देशन में सहायक अभियंता धर्मेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन एवं अवर अभियंता सत्यप्रकाश की देखरेख में विद्युत टीम ने मनीगंज स्थित राधे गार्डन समीप विद्युत शिविर का आयोजन किया गया शिविर में मौजूद उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर में आ रही समस्याओं को प्रत्येक बिंदुओं में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया साथ में उन्होंने कहा कि विद्युत संबंधी कोई भी समस्या उपभोक्ता को आए तत्काल मुख्यालय में सूचना दें आपकी सेवा के लिए विद्युत टीम सदैव समर्पित रहेगी विद्युत संबंधित कोई भी समस्या उपभोक्ता की आड़े नहीं आने देंगे शिविर में मौजूद टीम के रिंकू पोरवाल अरबाज खान साबिर अजय निगम उज्जवल गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

# चार महीने से गायब छात्रा के साथ 10 लोगों ने अलग-अलग जगह किया गैंगरेप' ऑटो ड्राइवर मनीष राजभर ने जो किया वो सुनकर कांप जाएंगे

( यंग भारत न्यूज )

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक 14 साल की नाबालिग छात्रा के साथ 10 लोगों ने मिलकर गैंगरेप किया है. स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा पिछले चार महीने से लापता थी.पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि इस दौरान छात्रा को अलग-अलग जगहों पर और होटलों में बंधक बनाकर 10 लोगों ने उसके साथ गैंग रेप किया. इस मामले के सामने आते ही हड़कंप मच गया. पुलिस ने अब तक 4 आरोपियों को जेल भेज दिया है. जबकि अन्य से पूछताछ जारी है.



### स्कूल के लिए निकली थी छात्रा और हो गई गायब

ये मामला चौरी-चौरा थाना क्षेत्र का है. कक्षा 9 में पढ़ने वाली 14 साल की छात्रा अपनी मौसी के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी. उसके पिता गुजरात में मजदूरी करते हैं और मां बीमार रहती हैं.1 नवंबर 2025 को छात्रा हमेशा की तरह स्कूल के लिए निकली थी.लेकिन वापस नहीं लौटी.परिजनों की काफी तलाश के बाद जब सुराग नहीं मिला तो 7 नवंबर को पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई.

### ऑटो चालक मनीष राजभर बिछाया था जाल

पुलिस की बरामदगी के बाद छात्रा ने जो आपबीती सुनाई वह चौंकाने वाली है. छात्रा ने बताया कि 1 नवंबर को रास्ते में उसे जान-पहचान का ऑटो चालक मनीष राजभर उर्फ मोनू मिला. वह उसे बहला-फुसलाकर एक निर्माणाधीन मकान में ले गया और रेप किया. आरोप है कि इसके बाद उसके दो दोस्तों ने भी छात्रा के साथ रेप किया. वहां से छूटने के बाद डरी-सहमी छात्रा घर जाने के बजाय रामगढ़ताल पहुंच गई. वहां उसे एक दूसरा युवक मिला जिसने मदद का झांसा देकर उसे अपने घर में एक महीने तक कैद रखा और लगातार रेप किया. यही नहीं उस युवक के दोस्तों ने भी छात्रा के साथ रेप किया.

### होटल में बंद करके किया गया रेप

पुलिस जांच और कॉल डिटेल्स से यह चौंकाने वाली जानकारी मिली कि छात्रा को शहर के कई होटलों में भी ले जाया गया था. छात्रा ने कुल 10 लोगों द्वारा रेप किए जाने का जिक्र किया है.पुलिस ने छात्रा का मेडिकल कराया जिसमें रेप की पुष्टि हुई है.

### पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारियां

एसपी नॉर्थ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि सर्विलांस और सीसीटीवी की मदद से छात्रा को 23 मार्च को सकुशल बरामद किया गया. छात्रा के बयान और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को हिरासत में लिया. वहीं ऑटो चालक मनीष राजभर, होटल संचालक धर्मराज, समीर और किशन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. बचे हुए 6 आरोपियों से पुलिस की पूछताछ जारी है. पुलिस का कहना है कि इस घिनौने कृत्य में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा.

# अखिलेश यादव को 2027 में उत्तर प्रदेश में 'सत्ता के सपने' देखना छोड़ देना चाहिए.विधानसभा चुनाव के नतीजों पर केशव मौर्य का तंज

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आने शुरू हो गए हैं। पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाती हुई दिख रही है। इसको लेकर अब भाजपा मुख्यालय में जश्न का माहौल है।



उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इसको लेकर अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि, अब सपा बहादुर को 2027 में उत्तर प्रदेश में 'सत्ता के सपने' देखना छोड़ देना चाहिए। केशव मौर्य ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सपा बहादुर अखिलेश यादव को अब जनता सुनने को तैयार नहीं है।उनके तमिलनाडु वाले 'भैया' एम. के. स्टालिन और बंगाल की 'दीदी' ममता बनर्जी को भी जनता ने हाशिए पर धकेल दिया है। उनके 'भैया' राहुल गांधी का हाल पहले ही सब देख चुके हैं, और हाल ही में बिहार में तेजस्वी यादव भी 'चारों खाने चित्त' हो चुके हैं। अब सपा बहादुर को 2027 में उत्तर प्रदेश में 'सत्ता के सपने' देखना छोड़ देना चाहिए। सच यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के करिश्माई नेतृत्व में सपा बहादुर के हिस्से अब केवल 'अंतहीन इंतज़ार' ही लिखा है इसके साथ ही सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने एक और पोस्ट लिखा है। इसमें उन्होंने लिखा, चुनावी नतीजों से यह साबित है कि नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम का विरोध करने वालों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके का काफी बुरा हश्र हुआ है। इन दलों से भी बुरी राजनीतिक गति सपा की 2027 में होगी। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा मजबूती से आगे बढ़ रही है। तमिलनाडु और केरलम में भी भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन उत्साहजनक है। अगली बार वहां भी भाजपा सरकार बनेगी। नारी शक्ति का विरोध करने वाले 'न घर के रहेंगे और न घाट के'।

# कांस्टेबल रोज करता था रेप पति को बताया तो उसने भी छोड़ा महिला का साथ' आपबीती सुन जज ने दिया ये आदेश

( यंग भारत न्यूज )

**अंबेडकरनगर।** प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले के अकबरपुर में पुलिसकर्मी ने दलित महिला से रेप किया. उसे खाने में नशीली दवा दी गई. आरोपी सिपाही यहीं नहीं रुका उसने महिला को धमकी दी और उससे लगातार हैवानियत करता रहा.

इस गंदे काम में मकान मालिकन भी आरोपी सिपाही का साथ देती रही. इसकी भनक पीड़ित महिला के पति को लग गई, उसके बाद उसने महिला को छोड़ दिया. पीड़िता ने पुलिस से आरोपी सिपाही की शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. पीड़ित महिला ने कोर्ट में आरोपी सिपाही और मकान मालकिन की शिकायत की. कोर्ट के आदेश पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. पीड़ित दलित महिला और आरोपी सिपाही एक ही मकान में किराये पर रहे थे. महिला के आरोपों के बाद सिपाही पर अकबरपुर कोतवाली में एससी एसटी एक्ट की गंभीर धाराओं के साथ मुकदमा दर्ज हुआ है. इस मामले में मकान मालकिन पर भी केस दर्ज हुआ है.




### एक ही मकान में रहते थे पीड़िता और आरोपी सिपाही

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जौहरडीह में किराए के मकान में एक दलित महिला रहती थी. यह महिला स्थाई रूप से जलालपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है और यहां रहकर पढ़ाई करती है. पीड़िता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि इसी मकान में अकबरपुर कोतवाली में तैनात सिपाही राजेश यादव भी रहता है. वह प्रतापगढ़ जिले का रहने वाला है. पीड़िता का आरोप है कि सिपाही राजेश यादव का मकान मालकिन से काफी गहरा संबंध है. उसी से राजेश ने उसका मोबाइल नंबर लिया और गंदे मैसेज भेज कर व फोन कर परेशान करने लगा.

### खाने में मिला दी बेहोशी की दवा, फिर...

पीड़िता का आरोप है कि एक दिन राजेश उसे खाना दिया और कहा इसे खा लो. जब पीड़िता ने खाने से इंकार किया और विरोध किया तो मकान मालकिन भी वहां आ गई और कहा कि खाना ही तो है खा लो. उनके कहने पर पीड़िता ने खाना खा लिया. खाने के बाद बेहोश हो गई. आरोप है कि जब उसे होश आया तो देखा कि शरीर पर एक भी कपड़े नही है. उस समय राजेश पास में ही था. राजेश ने कहा कि जैसा मैं कहता हूं वैसा ही करो नही तो तुम्हारे पति को भी बता दूंगा.

### पुलिस ने नहीं की शिकायत दर्ज

पीड़िता ने बताया कि राजेश कई महीने तक महिला के साथ संबंध बनाता रहा. जब महिला ने इसका विरोध किया तो उसने सारी बात उसके पति को बता दी, जिसके बाद उसके पति ने उसे छोड़ दिया. आरोप है कि सिपाही उसे लगातार जाति सूचक गाली और धमकी दे रहा है. समझौते का दबाव बना रहा है. पीड़िता ने इसकी शिकायत थाने से लेकर एसपी तक से की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई.

### कोर्ट के आदेश पर केस हुआ दर्ज

पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर अकबरपुर कोतवाली में सिपाही राजेश के खिलाफ कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है. जिस मकान में पीड़िता रहती थी, उसके मकान मालकिन के विरुद्ध भी केस दर्ज हुआ है. अकबरपुर थाना प्रभारी श्रीनिवास पांडे ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर सिपाही राजेश यादव और एक महिला पर मुकदमा लिखा गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# कानपुर का सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा: 68 खातों से 1600 करोड़ का खेल, मास्टरमाइंड का साला और उसका बेटा गिरफ्तार



( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** फर्जी फर्म बना 12 बैंकों के 68 खातों में संदिग्ध लेनदेन करने के मामले में जाजमऊ पुलिस ने मास्टर माइंड महफूज आलम का साले महताब और उसके बेटे मासूम को गिरफ्तार कर लिया है। जौनपुर रेलवे स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग के काम की वजह से कानपुर होकर चलने वाली 30 ट्रेनों का मार्ग बदला गया है। एनसीआर के सीपीआरओ ने बताया कि 09065 सूरत-छपरा चार, 11, 18, 25 मई को जौनपुर-औंड़िहार, बांसपहाड़-ओहन-कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज -प्रयागराज, रामबाग-बनारस-वाराणसी-वाराणसी सिटी-औंड़िहार होकर, 09066 छपरा-सूरत 13, 20, 17 मई को औंड़िहार-वाराणसी सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज, रामबाग-प्रयागराज-कानपुर सेंट्रल-ओहन-बांसपहाड़ होकर जाएगी। इसके अलावा 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 13 से 27 मई तक औंड़िहार-जौनपुर-वाराणसी-विंध्याचल-मानिकपुर की जगह औंड़िहार-वाराणसी सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज-कानपुर सेंट्रल-ओहन-बांसपहाड़ जौनपुर, मिर्जापुर, विंध्याचल, प्रयागराज छिवकी, शंकरगढ़, मानिकपुर होकर, 15232 गोंदिया -बरौनी 12 से 26 मई तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

### कानपुर-लखनऊ रूट की 17 ट्रेनें कैंसल

उधर, रेल प्रशासन कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर गंगा पुल की डाउन लाइन पर ट्रैक मरम्मत का काम करा रहा है। इस कारण 13 मई तक इस रूट पर मेगा और पॉवर ब्लॉक है। कानपुर-लखनऊ मेमू सहित 17 ट्रेनें निरस्त रहेंगी। स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस, अयोध्या वंदे भारत सहित 29 ट्रेनें बदले मार्ग या बीच के स्टेशनों पर टर्मिनेट होकर वापस जाएंगी। रेलवे अधिकारियों ने रविवार को ट्रैक स्थल का दौरा भी किया। रेलवे ने डायवर्ट और निरस्त ट्रेनों का रविवार को आकलन करने के बाद अपनी मुहर लगा दी है।

### झांसी में कपलिंग टूटने से मालगाड़ी दो हिस्सों में बंटी

उधर, झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर कपलिंग टूटने से एक मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। घटना के बाद करीब आधे घंटे तक मालगाड़ी ट्रैक पर ही खड़ी रही। कर्मचारी किसी तरह मालगाड़ी को जोड़कर मऊरानीपुर तक लाए। जांच के बाद मालगाड़ी को रवाना कर दिया गया। इस दौरान झांसी-मानिकपुर रूट कुछ देर के लिए बाधित हो गया। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि लाइव हिन्दुस्तान ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। जानकारी के अनुसार शनिवार को करीब 11 बजे झांसी से बांदा की ओर जा रही मालगाड़ी रानीपुर रेलवे स्टेशन पार करने के बाद अचानक तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। सूत्रों की मानें तो ट्रेन की कपलिंग, यानी आम भाषा में 'चिड़िया' टूटने से पूरी मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। आधा हिस्सा एक तरफ जबकि शेष डिब्बे दूसरी तरफ रह गए। घटना की जानकारी लगते ही अफरातफरी मच गई। ट्रेन करीब आधे घंटे तक ट्रैक पर ही खड़ी रही। सूचना मिलते ही रेलवे कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची। किसी तरह दोनों हिस्सों को जोड़कर ट्रेन को मऊरानीपुर रेलवे स्टेशन तक लाया गया। यहां तकनीकी टीम ने मरम्मत का कार्य किया और जांच के बाद मालगाड़ी को दोबारा उसके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। इस संबंध में मऊरानीपुर स्टेशन मास्टर जयसिंह राजावत ने बताया कि मालगाड़ी के दो हिस्सों में बंटजाने के बाद उसे कर्मचारियों ने जोड़कर अपने गंतव्य की ओर रवाना कर दिया है। कुछ देर के लिए ट्रैक बाधित रहा था।

# आटो में बैठकर सवारियों से टप्पेबाजी करने वाली 3 महिलाएं गिरफ्तार, 15 लाख की ज्वैलरी बरामद

( यंग भारत न्यूज )



थाना नौबस्ता पुलिस द्वारा ऑटो में सवारी बैठाकर चोरी/टप्पेबाजी करने वाले गिरोह का सफल अनावरण करते हुए 3 महिला अभियुक्ता एवं ऑटो चालक को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 15 लाख मूल्य का चोरी गया माल बरामद किया गया।

घटना के अनावरण हेतु 250 सीसीटीवी कैमरों की जांच कर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। घटना का अनावरण करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार का पुरुस्कार पुलिस उपायुक्त दक्षिण महोदय द्वारा घोषित किया गया। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि एक महिला जो कि कानपुर देहात की रहने वाली है वह एक शादी में शामिल होने के लिए कानपुर आ रही थीं नौबस्ता तक वह अपने प्राइवेट आटो से आई और नौबस्ता से त्रिमूर्ति अपार्टमेंट के लिए एक आटो में बैठी जहां ये तीनों महिलाएं पहले से बैठीं थीं। महिला ने बताया कि पल भर के लिए उन्हें ऐसा लगा कि वह नशे की हालत में हों। फिर जब उन्होंने घर जाकर अपना पर्स देखा तो उसमें से 15 लाख रुपए की ज्वैलरी व नकदी गायब थी। इसकी शिकायत उन्होंने नौबस्ता थाना पुलिस से की पुलिस ने करीब 250 सीसीटीवी कैमरे खंगाले तब कहीं जाकर आटो चालक को पकड़ा। आटो चालक ने बताया कि ये महिलाएं दिन भर के लिए 2000 रुपए में आटो किराए पर लेती थीं। आटो चालक के द्वारा पुलिस इन महिलाओं तक पहुंची। ये टप्पेबाज महिलाएं मूलरुप से महाराष्ट्र की रहने वाली हैं।

# विवेक विहार अग्निकांड में 4 चूक, जिसने एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां कर दी खत्म; 9 जिंदा जले

( यंग भारत न्यूज )

**दिल्ली।** दिल्ली के विवेक विहार में हुए भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों ने दम तोड़ दिया। मृतकों में बुजुर्ग दंपति, बेटे-बहू व डेढ़ साल का पोता शामिल हादसे के पांच दिन पहले परिवार (मृत बुजुर्ग के भाई के घर) में एक छोटा समारोह था, जिसमें पूरा परिवार व रिश्तेदार जुटे थे। रविवार को घर में एक बच्चे का जन्मदिन था। मानेसर में पूरे धूमधाम से जन्मदिन मनाने की तैयारी थी। शनिवार की रात 12 बजे वीडियो कॉल पर सभी उसे जन्मदिन की बधाई दी और केक भी कटा था। इसके साढ़े तीन घंटे बाद ही लगी भयंकर आग की चपेट में आकर 62 वर्षीय अरविंद जैन, उनकी पत्नी अनीता जैन, 34 वर्षीय बेटा निशांक जैन, बहू आंचल जैन व डेढ़ वर्षीय पोते अक्षय की दर्दनाक मौत हो गई।

विवेक विहार की जिस इमारत में हादसा हुआ वहां सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम थे। यही हादसे के दौरान यहां रहने वाले नौ लोगों की जिंदगियों पर भारी पड़ गया।





### सिर्फ एक ही सीढ़ी और लिफ्ट

आठ फ्लैट में रह रहे आठ परिवारों के नीचे आने के लिए केवल एक ही करीब 1.5 मीटर चौड़ी सीढ़ी और एक ही लिफ्ट लगी हुई थी। ऐसे में एक साथ सभी परिवारों का नीचे भाग पाना संभव नहीं था। रही सही कसर सीढ़ियों पर लगे टफन ग्लास ने पूरी कर दी। सीढ़ी पर लगे टफन ग्लास के चलते तापमान तेजी से बढ़ा। आग फैलने पर ये ग्लास टूट गए, जिससे सीढ़ियों से भाग पाना मुश्किल हो गया।

### सुरक्षा के लिए लगाई गई ग्रिल

इमारत के पीछे और दाहिने किनारे पर बंदरों और कबूतरों को आने से रोकने के लिए लोहे की मोटी ग्रिल का एक जाल बनाया गया था। इस लोहे के जाल से पूरी इमारत को ढकी है। दाहिनी ओर तो इस जाल की वजह से दो इमारतों के बीच आवश्यक छोड़ी जाने वाली जगह भी नहीं बची। ऐसे में बगल से दमकलकर्मी इमारत में घुस ही नहीं पाए और पीछे से ग्रिल को काटने में काफी समय लगा।

### छत का पहले से लॉक दरवाजा

हादसे के वक्त छत की र जाने वाली सीढ़ियों पर लगे दरवाजे में ताला लगा हुआ था। इसके चलते तीसरा परिवार सीढ़ी से आगे छत की ओर नहीं जा सका।

### डिजिटल लॉक

इमारत के ज्यादातर फ्लैट में डिजिटल लॉक लगे हुए थे। एसी में धमाके के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट के कारण दरवाजों में लगे डिजिटल लॉक जाम हो गए और लो कमरों से बाहर नहीं निकल सके।

### निशांक फोन कर भाई और अन्य मदद मांगते रहे

निशांक ने मदद के लिए बड़े भाई के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी फोन किया था। उनके पिता अरविंद जैन के एक दोस्त मनोज जैन ने बताया कि 2 बजे उनकी अरविंद जैन ने बात हुई थी। रात ढाई बजे अपना काम करके सो गया। सुबह जगा तो फोन पर निशांक के दो मिस्ड कॉल थे। एक तड़के 3:50 बजे और दूसरा सुबह चार बजे का कॉल था। फोन साइलेंट मोड में होने के कारण फोन उठा नहीं पाया। मुझे इसका अफसोस रहेगा कि फोन नहीं उठा पाया।

### यूपी पुलिस को 20 मिनट तक लगता रहा फोन

आपातकालीन मदद की कॉल उत्तर प्रदेश पुलिस के पास पहुंचने से हादसे की सूचना संबंधित एजेंसियों तक पहुंचाने में करीब 20 मिनट की देरी हुई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस और दमकल विभाग को फोन कर सूचना देने की कोशिश की, लेकिन बार-बार कॉल उत्तर प्रदेश पुलिस के कंट्रोल रूम में लगती रही।

# भाजपा की नींव हमारी बूथ समिति: प्रकाश पाल क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा

## पश्चिम बंगाल मे भाजपा की सरकार नहीं बनती तो बंगाल को बंग्लादेश बनने मे देर नहीं लगती





( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी झांसी जिला की जिला कार्यसमिति की बैठक भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के कानपुर बुन्देलखण्ड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के मुख्य आतिथ्य में जिलाध्यक्ष भाजपा प्रदीप पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित मदन पाण्डेय जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी ने कहा कि आज जिला कार्यसमिति बैठक आयोजित हो रही है ओर आज के दिन भाजपा ने बंगाल में ऐतिहासिक जीत दर्ज इतिहास रच दिया बंगाल जीत से हमें ऊर्जा मिली है। आज हम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के वलिदान को नमन करते हैं।क्षेत्रीय सह संयोजक सोशल मीडिया प्रभारी हर्ष द्विवेदी ने सोशल मीडिया पर किस तरह से सक्रिय भूमिका मे रहना है इसके बारे मे अवगत कराया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि बंगाल में भाजपा की जीत पर आप सभी को बधाई देता हूं जिन दलों ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल का विरोध किया उन दलों को जनता ने नकार दिया। बंगाल मे बड़ी संख्या मे घुसपैठिये मौजूद थे ।उनको भगाने का काम एस आई आर ने किया। यदि इस वार पश्चिम बंगाल मे भाजपा की सरकार नहीं बनती तो बंगाल को बंगाला देश बनने मे देर नहीं लगती ।बैठक में आगामी जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा तय की गई क्षेत्रीय अध्यक्ष ने प्रशिक्षण को संगठन की रीढ़ बताते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया ।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि विचार और संवेदनाओं से जुड़ा संगठन है, जहां कार्यकर्ता सर्वोपरि होता है।

इस अवसर पर गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत, एम एल सी रमा निरंजन, जमुना कुशवाहा राज्यमंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, रामनरेश तिवारी राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा, महिला आयोग की सदस्य अनुपमा लोधी,निवर्तमान जिलाध्यक्ष अशोक गिरी, जिला महामंत्री छत्रपाल सिंह राजपूत, डॉ अनिल राज, जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल, नेहिल सिंघई, वीरेंद्र नायक, गुड्डी रानी पटेल, चन्द्रजीत गुर्जर, चंचल कंठरिया, जिला मंत्री मनीष कोरी, यज्ञेश यादव, हाकिम सिंह यशोदा कुशवाहा अखिलेश मौर्या, दीपक त्रिपाठी, जय प्रकाश पाल, प्रगति आर्य, मण्डल अध्यक्ष रंजनीश कंजर, संजय गुप्ता, मुकेश पटेल, आशीष खरे, पुष्पेंद्र दुबे, सुरेन्द्र मोहन पाठक, संजीव चतुर्वेदी, वीर प्रताप सिंह चौहान ,पूर्व जिला महामंत्री जिनेन्द्र जैन,राजेंद्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बामौर केशव सिंह परिहार, उदय लुहारी, संतोष दूरवार, चेयरमैन गरौठा डॉ अरुण मिश्रा, देवेंद्र कंसाना चेयरमैन समथर,प्रकाश नारायण अड़जरिया किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष कृष्ण चन्द्र तिवारी, रामजी परिहार, रोहित परिहार, केशवेन्द्र सिंह, सुनील दत्त गोस्वामी, अंशुल खरे, मेहरबान सिंह बुन्देला, दिनेश झा,आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी ने किया। बैठक के बाद भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया।

# सुख दुख में जो साथ दे वही सच्चा मित्र।।स्वामी रामकृष्ण

**गुरसरांय।** ग्राम अचौसा में चल रही भागवत कथा का सुदामा चरित्र की कथा के साथ समापन हो गया। छठवें दिन की कथा सुनाते हुएकथा व्यास स्वामी रामकृष्ण बाल व्यास ने कहा भगवान ही जीव के सच्चे मित्र हैं ।संसार का मित्र तो बुरे बक्त में साथ छोड़ देगा,लेकिन परमात्मा जीवात्मा के सच्चे सखा है वह हर परिस्थिति मेंअपने मित्र का हित ही करेंगे।

उन्होंने सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने सुदामा जी को द्वारिका जैसा वैभव प्रदान किया। उन्होंने कहा कि जहां से भी शिक्षा मिले प्राप्त कर लेना चाहिए,लेकिन गुरु दीक्षा एक से ही लेनी चाहिए। कलयुग में हरी नाम ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन है।

संगीतमय कथा में ऑर्गन पर सतीश पटेल, ढोलक पर स्वदेश परिहार,पैड पर प्रियांश राव संगत कर रहे है। कथा की आरती परीक्षित राजकुमारी देवी राकेश पटेल ने की। इस मौके पर शांति आश्रम गौरैया मंदिर अचौसा के महंत भज्जू महाराज , दीपेंद्र पटेल, रूपेन्द्र पटेल,सुरेन्द्र पटेल,सुरेन्द्र पटेल दाऊ,नरेंद्र पटेल, राजू पटेल , दुर्गा पटेल, महीपत पटेल,मलखान पटेल , उमाशंकर पटेल , ध्रुव पटेल ,दीपक, दिनेश, रामजी, धीरज, सतीश यादव, वेद पाठी आचार्य अस्वनी रामायणी आदि उपस्थित रहे।



# विकास की नई उड़ान साकार हो रहा ग्रामीणों का सपना

### -पैलानी-गलौली-सिंघनकला मार्ग पर तुर्री नाला पर बन रहा भव्य सेतु

### -15.85 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण, ग्रामीणों की वर्षों पुरानी राह होगी आसान

### -लगभग 50 फीसदी काम पूरा, जून 2027 तक क्षेत्रवासियों को मिलेगा सुरक्षित सफर

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में जनपद बांदा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। क्षेत्र के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए यहां पर योगी सरकार पैलानी-गलौली से सिंघनकला लसड़ा मार्ग पर तुर्री नाला पर एक भव्य दीर्घ सेतु का निर्माण करा रही है। जिसका कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। यह सेतु लगभग 15 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से बनाया जा रहा है और इसके सुरक्षात्मक कार्यों ने अब धरातल पर आकार लेना शुरू कर दिया है।

साकार हो रहा ग्रामीणों का सपना

पैलानी और आसपास के दर्जनों गांवों के लिए यह पुल किसी वरदान से कम नहीं है। यहां पर वर्षों से ग्रामीण एक सुरक्षित मार्ग की आस लगाए बैठे थे। क्योंकि बारिश के दिनों में यहां पर नाला पर बने रपटे पर बाढ़ का पानी आ जाने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसके कारण यहां के आवागमन का संपर्क टूट जाता था। जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियां ठप हो जाती थी। जिसको लेकर योगी सरकार ने ग्रामीणों की इस पीड़ा को समझा और भारी बजट स्वीकृत कर इस परियोजना को हरी झंडी दी।

### लगभग 50% कार्य पूर्ण, गुणवत्ता पर विशेष जोर

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार पुल का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब तक लगभग 50 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। परियोजना में न केवल पुल का निर्माण शामिल है बल्कि भविष्य में भू-कटाव को रोकने के लिए पुख्ता सुरक्षात्मक कार्य भी कराए जा रहे हैं। विभाग ने इस परियोजना को पूरा करने के लिए 30 जून 2027 का लक्ष्य निर्धारित किया है। जहां पूर्ववर्ती सरकारों में यहां के लोगों की मांगों को अनसुना किया गया। वहीं योगी सरकार ने यहां के लोगों की समस्या को समझा और उनके क्षेत्र को बड़ी कनेक्टिविटी देकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ दिया है। इस सेतु के बनने से पैलानी-गलौली से सिंघनकला तक का सफर न केवल सुगम होगा बल्कि समय की भी भारी बचत होगी।

### कनेक्टिविटी से खुलेगा समृद्धि का द्वार

आगे आने वाले समय मे क्षेत्र के विकास में यह पुल मील का पत्थर साबित होगा। जहां सुगम यातायात से किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में आसानी होगी वहीं आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस व अन्य आवश्यक सेवाएं समय पर गांवों तक पहुंच सकेंगी। योगी सरकार का यह कदम बांदा जनपद के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# गांव में बिजली कनेक्शन की मांग तेज, ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** जिले के बड़ोखर गांव के नई बस्ती में बिजली कनेक्शन न होने की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने संबंधित डीएम को प्रार्थना पत्र देकर जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, गांव के कई घर आज भी बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत और आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन पर काफी असर पड़ रहा है। बच्चे अंधेरे में गुजारा कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली कनेक्शन की व्यवस्था नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में खंभे और लाइन की व्यवस्था होने के बावजूद कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है।

# साड़ी खादर खंड संख्या 1 के संचालक की दबंगई उजागर

## किसानों के खेतों से निकाल रहे अवैध मोरम

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** पैलानी तहसील अंतर्गत सांडी गांव के किसानों ने सोमवार को जिलाधिकारी अमित आसेरी से मुलाकात कर एवं प्रार्थना पत्र देकर बताया कि साड़ी बालू खंड संख्या एक में संचालित खनन कार्य के दौरान किसानों की निजी कृषि साड़ी खादर गाटा संख्या 147 /2 147 /4 में अवैध रूप से बालू खनन किया गया है किसानों के विरोध करने पर खदान संचालक द्वारा उनको डराया, धमकाया जाता है तथा जांन से मारने की धमकी दी जाती है वह रात के अंधेरे में उनकी निजी भूमियों का खनन किया जाता है। यह कृत्य पूर्णतह अवैध एवं नियम विरुद्ध है जिससे किसानों की उपजाऊ भूमि को गंभीर क्षति पहुंची है तथा भूमि की संरचना खराब हो रही है इसके कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और भविष्य की खेती भी प्रभावित हो रही है वहीं किसानों ने उक्त प्रकरण की तत्काल जांच कराए जाने ,अवैध बालू खनन तत्काल प्रभाव से बंद कराए जाने तथा प्रभावित किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाए जाने को लेकर जिलाधिकारी से फरियाद की है । जिलाधिकारी ने किसान हित को देखते हुए जिला खनिज अधिकारी राज रंजन एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की टीम गठित कर उक्त प्रकरण की जांच को लेकर सख्त निर्देश दिया है इस दौरान किसान बरदानी ,जयकरन, अर्जुन ,गया प्रसाद,ललतू प्रसाद ,अच्छे लाल, हीरालाल ,विजय बहादुर, रामकिशुन ,लाली प्रसाद, पुरुषोत्तम,धर्मराज,देवीदीन,शिवपूजन, निर्मला देवी आदि मौजूद रहे।

# बुन्देलखण्ड कॉलेज, झाँसी के वाणिज्य विभाग द्वारा "कैरियर परामर्श" कार्यक्रम का सफल आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बुन्देलखण्ड कॉलेज, झाँसी के वाणिज्य विभाग द्वारा बी.कॉम. षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए 'कैरियर परामर्श' पर एक दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कैरियर के विभिन्न विकल्पों, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं तथा रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस.के. राय द्वारा छात्रों को उच्च शिक्षा, स्वरोजगार, कौशल विकास तथा आधुनिक रोजगार की आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नैक समन्वयक प्रो. नूतन अग्रवाल द्वारा छात्रों को अपने लक्ष्य स्पष्ट करने, समय प्रबंधन, तथा व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। डॉ. रामानंद जायसवाल ने संचार, कौशल एवं व्यक्तित्व विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को अभिप्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। डॉ. शिव प्रकाश त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों से अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विभाग प्रभारी प्रो. पी.एल. सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अरुण कुमार द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी एवं डॉ. संतोष रानी (समन्वयक) के द्वारा वाणिज्य विषय के प्रोफेशनल कोर्सेस से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. शिल्पी शर्मा, डॉ. रावेन्द्र सिंह यादव, डॉ. सत्येंद्र कुमार आदि शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणा दायक बताया।

# भजन संध्या में देर रात तक श्रोता झूमते रहे

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** ग्राम बिजौरा में माँ शारदा संगीत विद्यालय के तत्वावधान में आयोजित भजन संध्या में श्रोता देर रात तक झूमते रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध सितारवादक पं सरजू शरण पाठक की सरस्वती वंदना जय जय जय हे वीणा पाणी से हुआ।

सतीश पटेल ने भजन वृंदावन धाम जाकर तो देखो से भाव विभोर किया ।अंकित पटेल ने राधा रानी हमरी ओर करो कृपा की कोर की प्रस्तुति दी ।नाल पर देवेन्द्र सिंह घोष,ऑर्गन पर सोनू पटेल, तबले पर मनमोहन, ढोलक पर हनी नामदेव ,पैड पर दीपक चतुर्वेदी इंदरगढ़ ने संगत की। इसके अलावा नैन्सी नायक ,पुष्पेंद्र पटेल,सीताराम आर्य,रसिया आर्य,राहुल पांडेय,पुष्पेंद्र वर्मा,जित्तू मास्टर,आदि ने अपनी गायन वादन की प्रस्तुति देकर देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम का संचालन सरजू शरण पाठक ने किया ।अंत मे अंकुल पटेल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान रणकेन्द्र सिंह, रमाकांत शर्मा,अजय कौशिक,सुरेश पटेल,सुरेश कुमार नायक ,रिंकू अरजरिया सहित ग्राम एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# हेल्पिंग हैंडस सेवा संस्थान के तत्वाधान मे वृहद वृक्षारोपण अभियान 2026 की बैठक सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** हेल्पिंग हैंडस सेवा संस्थान के तत्वाधान मे वृहद वृक्षारोपण अभियान 2026 को आगामी मानसून मे जनपद झाँसी मे सफल बनाने एवं जन आंदोलन मे तब्दील करने हेतु संस्था के ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों की सर्किट हाउस मे एक बैठक का आयोजन सदर विधायक झाँसी प. रवि शर्मा के मुख्य अतिथ्य एवं आर. पी. निरंजन एमएलसी प्रतिनिधि झाँसी के विशिष्ट अतिथ्य मे किया गया बैठक मे उप प्रभागीय वनाधिकारी(मऊरानीपुर) संतोष कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी झाँसी ए. के. जैन, आर. ओ. झाँसी विमलेश कुमार आदि विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान संजय पटवारी अध्यक्ष उ. प्र. व्यापार मंडल ने की संस्था अध्यक्ष सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताया की आज संस्था के जनपद स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक का मुख्य उदेश्य यह है कि हमारी संस्था ने इस वर्ष जनपद मे जितने भी पौधे रोपित किये अब इस भीषण गर्मी मे उनको पानी देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है क्योंकि हमने उनको रोपित किया है हम सब यह जिम्मेदारी अवश्य निभाए दूसरा उदेश्य कुछ जगह पौधों कि सुरक्षा के लिए 300 ट्री गार्ड कि अति आवश्यकता है तो कुछ ट्री गार्ड मा. आर. पी. निरंजन एमएलसी प्रतिनिधि झाँसी ने एवं कुछ ट्री गार्ड उप प्रभागीय वनाधिकारी झाँसी ने शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया तीसरा उदेश्य आगामी मानसून मे इस वर्ष वृहद वृक्षरोपण अभियान को समस्त जनपद मे जन आंदोलन मे तब्दील करने का है ताकि इस अभियान मे ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़कर पौधे रोपित करे एवं उनका संरक्षण करे इस मौक़े पर उप प्रभागीय वनाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष जनपद मे लगभग 93 लाख पौधा रोपित करने का लक्ष्य मिला जिसमे लगभग 48 लाख पौधा वन विभाग को शेष अन्य विभागों को मिला है उन्होंने कहा कि पौधारोपण के इस लक्ष्य को आसानी से प्राप्त करने के लिए विभाग मे तैयारियां जोरो पर चल रही है इसमें हेल्पिंग हैंडस सेवा संस्थान कि टीम का विभाग को सराहनीय सहयोग प्राप्त होता है विभाग एवं संस्थान मिलकर बहुत आसानी से पौधारोपण का यह लक्ष्य हासिल कर लेगे इस मौक़े पर संस्था संरक्षक श्री नरेन्द दलमोत्रा, तरुण यादव, राकेश श्रीवास्तव, आलोक खरे,श्याम सुन्दर, राधे सिंह, सनद यादव, राजेश मलिक चन्द्र प्रकाश सर, आनंद गुप्ता,मो. अजहर,सौरभ खरे, पूजा साहू, सीमा पाल, आशिया मैम,हेमा, हेमलता, सायमा खान, आदि उपस्थित रहे संचालन श्रीमती प्रभा द्विवेदी एवं दीप्ति श्रीवास्तव ने किया अंत मे सुलभ टिकरया एवं शिवम सेठिया ने सभी का आभार व्यक्त किया

# समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव का झाँसी में भव्य स्वागत

## सपा के नए दायित्व से संगठन को मिलेगी मजबूती, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी।** समाजवादी मजदूर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आसिफ नियाजी एवं अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नवनियुक्त हुए अजीम खान का झाँसी आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत व सम्मान किया। दोनों नेताओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर झाँसी में कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाइयां बांटीं। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और पूरे माहौल में जोश व उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में मजदूरों और अल्पसंख्यकों की आवाज और मजबूत होगी। इस अवसर पर आसिफ नियाजी ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जाएगा तथा मजदूरों के हक की लड़ाई को और तेज किया जाएगा। अजीम खान ने कहा कि भाजपा सरकार से पूरी जनता परेशान है। उनकी नीतियों के चक्कर में आम जनता को बहुत नुकसान हुआ । अब समय आ गया है जनता के बीच सपा की उपलब्धियां बताकर समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष मिर्जा करामात बेग, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष सलीम खानजादा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। जैनुलाअबदीन , चंद्रशेखर यादव, मो फारूक एडवोकेट, कदीम अहमद, मुस्ताक कुरैशी, आमिर खान, सैय्यद अली, शादाब खान , एडवोकेट अदनान खान , सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आरिफ खान ने किया एवं आभार वरिष्ठ अधिवक्ता एजाज खान ने व्यक्त किया।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718